# 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

- नवमतदाताओं का अभिनन्दन, श्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मान मिला
- लोकतंत्र में अधिकाधिक भागीदारी का लें संकल्प : जिला निर्वाचन अधिकारी

**कोटा,** (निसं)।13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस बुधवार को सूचना केन्द्र के सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी ओपी बुनकर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें 18-19 वर्ष आयु के नए पंजीकृत मतदाताओं एवं निर्वाचन के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ एवं अन्य कार्मिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मतदाताओं व नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई तथा नए पंजीकृत मतदाताओं को ''मतदाता होने पर गर्व है मतदान के लिए तैयार है'' पर आधारित बैज भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह हमारे लोकतंत्र की ही ताकत है कि कमजोर और पिछड़े वर्ग को भी शीर्ष प्रतिनिधित्व मिला है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अधिकाधिक भागीदारी के लिए निर्वाचन आयोग ने व्यवस्थाओं और प्रक्रियाओं में सरलीकरण किया है। अब मतदाता पंजीकरण के लिए 18 वर्ष आयु पूर्ण होने के इंतजार के बजाय 17 वर्ष पूर्ण होने पर भी पंजीकरण कराया जा सकता है जिससे 18 वर्ष आयु पूर्ण होते ही मतदाता के रूप में पंजीकरण हो जाएगा।

उन्होंने आव्हान किया कि कोई भी पात्र युवक-युवती मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने से ना चूकें और मतदान में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग मतदाताओं की अधिकाधिक भागीदारी के लिए उन्हें सुविधाएं देने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। जितने चुनाव सुधार भारत में हुए हैं, उतने शायद और कहीं नहीं।

विभिन्न वर्गों के मतदाताओं के लिए सुगम एवं सरलता पूर्वक मतदान की सुविधा दी गई है ताकि हर मतदाता निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन के स्वच्छ मतदान कर सके। उन्होंने नव मतदाताओं एवं बीएलओ का आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में और अधिक ऊर्जा के साथ श्रेष्ठ कार्य करें। शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें। मतदाता सूची शुद्धीकरण, आधारकार्ड से लिंक करने के कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करें तथा लोकतंत्र में शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार सिंह ने तेरहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' का उल्लेख करते हुए नव मतदाताओं का आव्हान किया कि मताधिकार को उत्सव सरीखा मनाएं और वंचित मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर उन्हें लोकतंत्र में सशक्त भागीदारी के लिए प्रेरित करें।

कहा कि निर्वाचन आयोग के प्रयासों व नवाचारों से मतदान का प्रतिशत बढ़ा है और विसंगतियां खत्म हुई हैं। मतदान एवं मतगणना की प्रक्रियाओं में आमूलचूल बदलाव आए हैं जिनसे पारदर्शिता आई है।

गांधीवादी विचारक एवं वरिष्ठ पत्रकार नरेश विजयवर्गीय ने मतदाता दिवस जैसे आयोजनों में अधिकाधिक जन भागीदारी की जरूरत बताई और कहा कि लोकतंत्र में अधिकाधिक भागीदारी बढाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इससे पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के संदेश एवं नव सृजित गीत का प्रसारण किया गया। समारोह में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लाडपुरा दीपक मित्तल, प्रशिक्षु आरएएस कीर्ति व्यास, हरिसूदन शर्मा, यज्ञदत्त हाडा एवं अन्य मौजूद रहे। संचालन पुरूषोत्तम शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी देवेन्द्र सिंह चौहान, जेडीबी कॉलेज की डॉ. जयश्री डावरे, योगिता नागर, स्नेशा सिंह, कीर्तांशिम अध्यक्ष, महिला एवं बाल विकास विभाग की यासमिन, किरण, दीपिका, प्रीतिबाला, सुमन मेहरा, निशा सैनी, सुनिता मोदी, पूजा जोशी, नमोनारायण गोचर, मुकेश कुमार मीणा, चन्द्रप्रकाश मालव, सुरेन्द्र नागर, प्रदीप गौत्तम, मनोज मेहता, राजेन्द्र कुमार, दिनेश शर्मा, सुरेन्द्र मालव, दीपक धाकड़, मुकेश नकवाल, महेन्द्र सिंह, शिवस्वरूप शर्मा, प्रकाश सुमन, ईशान खान, प्रेमप्रकाश बंजारा, फिरोज खान, कृष्णकांत राठौड़ तथा धनराज नागर को सम्मानित किया गया।

## क्रिकेट का मुकाबला आज

**बून्दी** (निसं)। जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर बून्दी में पहली बार बेहतरीन बून्दी मैत्री कप जिला प्रशासन एवं पत्रकारों के बीच क्रिकेट मैच 26 जनवरी को पुलिस परेड ग्राउण्ड पर जिला स्तरीय समारोह के बाद खेला जाएगा। बुधवार को जिला कलक्टर कक्ष में जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने मैच के लिए दोनों टीमो के लिए टी-शर्ट व ट्रॉफी का विमोचन किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार चैधरी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारी व पत्रकार मौजूद रहे। बाद में जिला प्रशासन इलेवन व पत्रकार इलेवन की और से टीमों की घोषणा की गई। बेहतरीन मैत्री मैच में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भी सहभागिता निभा रही है। जिला प्रशासन की ओर से घोषित 15 सदस्यीय टीम में युवा मामले, खेल तथा सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना कप्तान व जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी उप कप्तान होंगे। टीम में पुलिस अधीक्षक जय यादव, एडीएम मुकेश कुमार चौधरी , एसडीओ सोहनलाल, सीईओ करतार सिंह, डीएसओ शिवजीराम जाट, अनस शेख, नवीन तेजस्वी, ओमप्रकाश प्रजापत, विकास हाड़ा, मयंक नागर, विष्णु शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा एवं प्रिंस शामिल है।

# कोटा मंडल के अधिकांश स्टेशनों पर गाड़ियों के प्रायोगिक ठहराव की अवधि बढ़ी

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रसाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु कोटा मंडल के रामगंजमंडी, बून्दी, लाखेरी, दरा, मोड़क, केशोराय पाटन, कापरेन एवं चौमहला स्टेशनों पर चार जोड़ी गाड़ियों के विगत छह माह के प्रायोगिक हाल्ट की अवधि को अगले छह माह तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया हैं।

गाड़ी संख्या 19037/19038 बांद्रा टर्मिनल-बरौनी-बांद्रा टर्मिनल के बीच प्रतिदिन चलने वाली अवध एक्सप्रेस ट्रेन का 'रामगंजमंडी' स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में छह माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 06 फरवरी, 2023 तक किया गया था जिसको अब बढ़ाकर 05 अगस्त, 2023 तक कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 19607/19608 कोलकाता-मदार-कोलकाता के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का 'बून्दी' स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनों दिशाओं में छह माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 08 फरवरी, 2023 तक किया गया था। जिसको अब बढ़ाकर 07 अगस्त, 2023 तक कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 12181/12182 जबलपुर-अजमेर-जबलपुर के बीच चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेन का 'लाखेरी' स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में छह माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 07 फरवरी, 2023 तक किया गया था। जिसको अब बढ़ाकर 06 अगस्त, 2023 तक कर दिया गया है।

गाड़ी संख्या 12465/12466 इन्दौर-जोधपुर-इन्दौर के बीच चलने वाली रणथम्भौर सुपरफास्ट ट्रेन का 'दरा' स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनों दिशाओं में छः माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 06 फरवरी, 2023 तक किया गया था। जिसको अब बढ़ाकर 05 अगस्त, 2023 तक कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 19019/19020 बांद्रा टर्मिनल-हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनल के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का 'मोड़क एवं दरा' स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में छह माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 06 फरवरी, 2023 तक किया गया था। जिसको अब बढ़ाकर 05 अगस्त, 2023 तक कर दिया गया है तथा 'केशोराय पाटन एवं कापरेन' स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में छह माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 07 फरवरी, 2023 तक किया गया था। जिसको अब बढ़ाकर 06 अगस्त, 2023 तक कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 20845/20846 बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर के बीच चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेन का 'चौमहला' स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनों दिशाओं में छह माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 09 फरवरी, 2023 तक किया गया था। जिसको अब बढ़ाकर 08 अगस्त, 2023 तक कर दिया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय द्वारा बताया कि यह निर्णय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है इससे रामगंजमंडी, बून्दी, लाखेरी, दरा, मोड़क, केशोराय पाटन, कापरेन एवं चौमहला स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन में राहत मिलेगी। इस संबंध में सर्व संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि ऊक्त ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।




## शपथ दिलाई

**बूंदी** (निसं)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य भवन में बुधवार को सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने शपथ दिलाई। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे। डॉ सामर ने बताया कि प्रतिवर्ष 25 जनवरी को देश भर में मतदान दिवस मनाया जाता है। डॉ सामर ने बताया कि देश मे लोकतांत्रिक नीव बनाये रखने के लिये हम सभी का मतदान करना बहुत जरूरी है।

## सार-समाचार

### बयाना, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर होकर एक स्पेशल ट्रेन का संचालन

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से कोटा होकर गाड़ी सं 05285/05286 बरौनी-अजमेर-बरौनी के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित ट्री टियर 03 कोच, वातानुकूलित टू टियर 01 कोच, स्लीपर 15 कोच, सामान्य श्रेणी 02 कोच तथा 02 एस.एल.आर. सहित कुल 23 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 05285/05286 बरौनी-अजमेर-बरौनी के मध्य स्पेशल ट्रेन गुरूवार, 26 जनवरी को बरौनी से तथा मंगलवार, 31 जनवरी को अजमेर से दोनों दिशाओ में 01-01 ट्रिप चलेगी जो कोटा मण्डल के 'बयाना, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर' स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बरौनी-अजमेर के मध्य समस्तीपुर, मुज्जफरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, बलिया, फेफना, रसारा, इन्दारा, मऊ, मोह्मदाबाद, आजमगढ़, सरायमीर, खोरसना रोड, शाहगंज, अयोध्या कैंट, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, इटावा, टूंडला, आगरा फोर्ट, 'बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर,' दुर्गापुरा, जयपुर, किशनगढ़ एवं मदार स्टेशनों पर रुकेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय द्वारा बताया कि यात्रियों की सुविधा हेतु स्पेशल ट्रेन को चलाया जा रहा है। इस संबंध में सर्व संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, छज्नै, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

### पदोन्नति से वंचित रहे नर्सेज को लाभ मिले : खुशीराम मीणा

**बून्दी** (निसं)। राज नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम मीणा के नेतृत्व में बुधवार को नर्सेज के एक प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर स्वास्थ्य भवन मे निदेशक अराजपत्रित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं सुरेश नवल से मिलकर हाल ही में विभाग द्वारा जारी पदोन्नित सूची में स्थान बनाने से वंचित रखे नर्सिंग ऑफिसर को साथ लेकर मुलाकात की। इस पर निदेशक ने संघटन के आग्रह पर 10 दिवस का समय पदोनत्ति से वंचित डफर नर्सेज को दिया है। इस निर्णय से राज्य के 848 नर्सेज को लाभ होगा। संघटन ने हाड़ौती संभाग के नर्सेज की वेतन स्थिरीकरण समय पर करने जिलों में नर्सेज भर्ती के लिए जारी किए जाने वाले अनुभव प्रमाण पत्र समय पर जारी करने महिला स्वस्थ्य कार्यकर्ताओ एव महिला स्वस्थ्य दर्शिकाओ की पदोन्नित सूची अविलम्ब जारी करने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की। इस दौरान कोटा जिले के नर्सेज प्रदेश महामंत्री अशोक शर्मा, कोटा संभाग प्रभारी अनीस अहमद मौजूद रहे। यह जानकारी संघटन की बून्दी संयोजिका नगीना सोनी ने मीडिया को दी।

### 'स्टूडेंट्स को भारतीय संस्कृति से जोड़ना पर्यटन को संबल देने के लिए जरूरी'

**कोटा,** (निसं)। कोटा विश्वविधालय के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग के द्वारा नेशनल टूरिज्म डे के उपलक्ष में भारतीय कल्चर और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यकर्म का आजोयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने गेरू और चुने से मांडणा बनाऐं, फूलों और रंगो से रंगोली बनाई, साथ ही मेहँदी लगायी गयी। नेशनल टूरिज्म के दिन इस कार्यक्रम को करने का उदेश्य मुख्य स्टूडेंट्स को भारतीय कलाओं जैसे मांडणा, भारतीय व्यंजन जो की हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है की तरफ स्टूडेंट्स का रुझान जाग्रत करना था। इसके साथ ही भारत में यह साल इंटरनेशनल मिल्लेट्स ईयर के रूप में भी जाना जा रहा है। स्टूडेंट्स ने सरस्वती भवन में मांडने और रंगोली बनाई। डॉ अनुकृति शर्मा ने सभी स्टूडेंट्स को धन्यवाद दिया की उन्होंने इतने बढ़- चढ़ के भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ श्रुति अरोरा, डॉ. नीता पारीक, डॉ. नीलिमा मोदी, डॉ अनुज विल्लियम्स, डॉ जतिन रहे।

### यूडीएच मंत्री ध्वजारोहण करेंगे

**कोटा,** (निसं)। गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय समारोह गुरूवार 26 जनवरी को महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में मनाया जाएगा। समारोह में प्रात: 9:15 बजे मुख्य अतिथि स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद परेड निरीक्षण एवं मार्चपास्ट की सलामी ली जाएगी। समारोह में सामूहिक व्यायाम एवं समूह गान, सामूहिक नृत्य, झांकी प्रदर्शन, स्वतंत्रता सैनानियों एवं युद्ध सैनिक वीरांगनाओं का सम्मान किया जाएगा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह के उपरान्त दोपहर 1 बजे जिला प्रशासन एवं नगर निगम के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच खेला जाएगा।

### 'राशन उपभोक्ता करवाएं आधार सीडिंग'

**कोटा,** (निसं)। जिले के ऐसे सभी राशन उपभोक्ता जिनके राशन कार्ड में परिवार के सभी सदस्यों की आधार सीडिंग नहीं हुई है, उनके आधार कार्ड को राशन कार्ड से जोड़ना आवश्यक है। जिला रसद अधिकारी पुष्पा हरवानी ने सभी राशन उपभोक्ताओं से आव्हान किया है कि उपभोक्ता अपने सदस्यों की आधार सीडिंग कराने के लिए प्रत्येक सदस्य की आधार कार्ड की प्रति एवं राशन कार्ड की प्रति संबंधित उपखण्ड अधिकारी अथवा जिला रसद कार्यालय में प्रस्तुत कर आधार सीडिंग करवाएं। आगामी माहों में आधार से जोड़े बिना राशनकार्डों पर गेहूं दिया जाना संभव नहीं होगा।

### रोजगार सहायता शिविर का तीन को

**कोटा,** (निसं)। उप-क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय में मासिक रोजगार सहायता शिविर का आयोजन शुक्रवार 3 फरवरी को किया जाएगा। सहायक निदेशक उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा भर्ती की जाएगी। जिसमें आशार्थियो को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त होंगे। इसके लिए 18 से 35 आयु वर्ग के न्यूनतम सैकेण्डरी कक्षा उत्तीर्ण आशार्थी आवेदन के पात्र हैं। इच्छुक आशार्थी उक्त तिथि को उप-क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय में प्रात: 10 बजे शैक्षणिक योग्यता संबंधी मूल दस्तावेज एवं छाया प्रतियों मय 5 पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# एलन पेरेंटिंग सेशन में बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल हुए

- एलन ने अब पेरेन्ट्स के लिए शुरू किए विशेष सेशन

**कोटा,** (निसं)। कॅरियर सिटी कोटा के केन्द्र में विद्यार्थियों का हित होता है। विद्यार्थियों का कॅरियर बनाने के लिए हर संभव प्रयास यहां किया जाता है। इन्हीं प्रयासों के तहत अब विद्यार्थियों में सकारात्मकता रखने के लिए पेरेन्टिंग सेशन्स का नवाचार किया गया है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अभिभावकों के लिए पेरेंटिंग सेशन्स का आयोजन जवाहर नगर स्थित एलन समुन्नत कैम्पस के समरस सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11 के विद्यार्थियों के परिजनों को आमंत्रित किया गया। पेरेंटिंग सेशन में बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल हुए। सेशन को एलन के सीनियर वाइस प्रसीडेंट विनोद कुमावत व वाइस प्रसीडेंट जीवन ज्योति अग्रवाल ने सम्बोधित किया। सेशन में मुख्यरूप से पॉजिटिव पेरेंटिंग के मायने बताए गए। यहां बच्चों के कॅरियर के बारे में फैसला लेने से पहले उसकी क्षमताओं का आंकलन, बच्चों के प्रति अपने व्यवहार को सकारात्मक रखते हुए आगे बढ़ने की बात कही गई। यहां प्रजेन्टेशन के माध्यम से परिवार की स्वस्थता के लिए आवश्यक व्यवहार के बारे में बताया गया।

फिजिकल, मेंटल और फाइनेंशियल हेल्थ के साथ सोशल लाइफ, फेमिली और स्प्रिचुअल लाइफ को समझाते हुए परिवार में इसके फायदों के बारे में बताया गया। दोनों एक्सपर्ट्स द्वारा बच्चों के व्यवहार का अध्ययन करना। अभिभावकों को बच्चों के विचारों को समझते हुए उन विचारों को तार्किक आधार पर सही या गलत बताना तथा उचित होने पर सहमति जताना, कॅरियर बनाने के लिए आवश्यक संघर्ष के लिए बच्चों को तैयार करने के बारे में बताया गया। यहां पेरेन्ट्स को प्रवेश परीक्षाओं में आने वाली चुनौतियों के बारे में समझाते हुए बच्चों के प्रति उनके व्यवहार को लेकर भी सुझाव दिए गए। सेशन में कई अभिभावकों ने बच्चों के बारे में जानकारी ली। उनकी कमियां और लापरवाहियों के बारे में एक्सपर्ट्स से पूछा, इन जिज्ञासाओं को विनोद कुमावत व जीवन ज्योति अग्रवाल ने शांत किया।

# मतदाता दिवस पर जागरुकता रैली निकाली

**बूंदी** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी ने बुधवार को 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला विधिक प्राधिकरण सचिव सुनील यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी करतार सिंह सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली शपथ, हुआ सम्मान

13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विशेषत: नवपंजीकृत मतदाताओं एवं अन्य सभी मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना है।

अत: सभी अपने मत का मूल्य समझें और मतदान अवश्य करें।जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस अवसर पर मतदाता शपथ दिलाई तथा निर्वाचन संबंधित श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए कार्मिकों का सम्मान किया। साथ ही नवपंजीकृत मतदाताओं का अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी बूंदी सोहनलाल, उपखण्ड अधिकारी तालेडा कार्तिकेय मीणा, के.पाटन तहसीलदार प्रीतम मीणा सहित विभिन्न विभागों अधिकारी, कर्मचारी व नवमतदाता मौजूद रहे।




जिला कलेक्टर ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




# गणतंत्र दिवस आज, विभिन्न कार्यक्रम होंगे

**बूंदी** (निसं)। गणतंत्र दिवस, 2023 के उपलक्ष में जिलेभर में ध्वजारोहण के कार्यक्रम होंगे। जिला स्तरीय समारोह खेल संकुल पर सुबह 9 बजे से होगा। समारोह में युवा मामले, खेल तथा सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना ध्वजारोहण कर परेड निरीक्षण करेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। परेड में आरएसी, राजस्थान पुलिस, राजस्थान पुलिस महिला, होमगार्ड, स्काउट, एसपीसी, स्काउट गाइड की टुकड़ियों शामिल रहेगी।

## 'मिशन स्वरोजगार' प्रशिक्षण दिया

**बून्दी** (निसं)। नाबार्ड व संजीवनी मानव कल्याण एवं जीव सेवा संस्थान बून्दी के संयुक्त तत्वाधान में राजीविका स्वंय सहायता समूहों की 30 महिला प्रतिभागियों को जिला कलक्टर बून्दी के दिशा-निर्देशानुसार जिले में संचालित '' मिशन स्वरोजगार '' अन्तर्गत ग्राम ठीकरदा में नाबार्ड प्रायोजित सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम एमईडीपी अन्तर्गत संस्था के एक्सपर्ट ट्रेनरों के माध्यम से केमिकल फ्री हस्त निर्मित नीम तुलसी, गुलाब, ऐलोवेरा, हल्दी चन्दन बाथ सोप व कपड़े धोने का साबुन, टब सोप, वाशिंग पाउडर हेण्डवॉश व फिनायल मेकिंग गतिविधि पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर संस्था की ग्रेडिंग अनुसार उक्त गतिविधि में एक्सपर्ट हुई महिला प्रतिभागियों ने नाबार्ड के सहयोग से प्राप्त प्रशिक्षण मानदेय राशि 750 रूपए प्रति सदस्य के सहयोग से 10500 रू का कच्चा माल अजमेर व भीलवाड़ा से मंगवाकर हस्त निर्मित नीम, गुलाब, तुलसी, हल्दी चन्दन व वाशिंग पाउडर, टब सोप बनाना शुरू किया। संस्था के सहयोग से महिलाओं को पेकिंग मेटेरियल बनाने आदि में मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग भी किया।

